भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1328
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में पर्यटन केंद्रों का विकास

†1328. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक, विशेषकर उत्तर कन्नड़ में, किसी पर्यटन स्थल की पहचान की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की उत्तर कन्नड़ में पर्यटन केंद्रों के विकास की कोई योजना है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन गंतव्यों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को निधि की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके अल्पज्ञात गंतव्यों सहित देश भर के पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने कर्नाटक राज्य सहित राज्यों को पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की अपनी पहल के तहत भी वित्तीय सहायता प्रदान की है। प्रशाद, स्वदेश दर्शन 2.0 और एसएएससीआई योजनाओं के तहत कर्नाटक राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

*****

अनुबंध

श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी द्वारा कर्नाटक में पर्यटन केंद्रों का विकास के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1328 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के तहत कर्नाटक राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
प्रशाद योजना			
1.	चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरू में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2023-24	45.38
2.	रेणुका यल्लमा देवी मंदिर का विकास	2024-25	18.37
3.	पापनाश मंदिर, बीदर जिले में बुनियादी सुविधाओं का विकास	2024-25	22.25
स्वदेश दर्शन 2.0			
1.	हम्पी में 'ट्रैवल नूक्स' की स्थापना	2023-24	25.63
2.	मैसूरू में टोंगा सवारी विरासत अनुभव क्षेत्र	2023-24	2.71
3.	मैसूरू में पारिस्थितिक अनुभव क्षेत्र	2023-24	18.48
पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)			
1.	बेंगलुरु में रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र	2024-25	99.17
2.	सवादत्ती बेलगावी में यल्लम्मागुड्डा का विकास	2024-25	100.00

*****